**दिनांक 4 अप्रैल 2018 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कर कमलों द्वारा वेस्टर्न कोर्ट एक्सटेंशन बिल्डिंग के लोकार्पण के अवसर पर माननीय लोक सभा अध्यक्ष का भाषण**

1. आज वेस्टर्न कोर्ट एक्सटेंशन के लोकार्पण के अवसर पर आप सभी की उपस्थिति से हम सभी उत्साहित हैं। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक अभिनंदन करती हूं कि उन्होंने अपने व्यस्ततम समय में से कुछ समय निकालकर वेस्टर्न कोर्ट परिसर में नए 88 कक्ष वाले अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित **वेस्टर्न कोर्ट एक्सटेंशन** का लोकार्पण करने का हमारा अनुरोध स्वीकार कर अनुग्रहित किया है।

2. वेस्टर्न कोर्ट परिसर में ही बनी यह भव्य इमारत, CCTV, Sewerage Treatment Plan, Rain Water Harvesting and water conservation fittings, Basement parking, Solar lights इत्यादि सुविधाओं के साथ–साथ पुरुष एवं महिला Gymnasium, Meeting Hall and Yoga Room से लैस है। इस इमारत के सभी कक्षों में Wi-fi facility, LED fittings इत्यादि अत्याधुनिक सुविधाएं इन्हें बेहद उपयोगी बनाती है। पर्यावरण संरक्षण के सूत्रों **Reduce, Reuse and Recycle** को ध्यान में रखते हुए इसके निर्माण में C&D (construction & demolition) waste concrete blocks एवं fly ash bricks का इस्तेमाल किया गया है। जहां ऊर्जा संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए VRV System (Variable Refrigerant Volume) वाले A.C., जोकि Energy Efficient होते हैं, को install किया गया है वहीं भवन में पेंटिंग के लिए Low VOC paint (Volatile Organic Compound) जोकि स्वास्थ्य के लिए बेहतर है एवं वायु प्रदूषण भी कम होता है, का प्रयोग किया गया है। यहां पर दो कमरे differently-abled friendly (दिव्यांगों के लिए अनुकूल) भी हैं।

3. माननीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी जी यहां उपस्थित हैं इन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता पर लेने का निर्देश दिया और नतीजा हमारे सामने है। **यह परिसर समय से छह माह पूर्व बनकर तैयार हो गया है।** इस कार्य के पूर्ण होने में NDMC, CPWD, Ministry of Urban Affairs एवं लोक सभा सचिवालय इन सभी का सम्मिलित सहयोग एवं प्रयास था। इस कार्य को पूर्ण करने में श्री सुरेश अंगड़ि जी, जो House Committee, Lok Sabha के Chairman हैं और उनके पूर्ववर्ती चेयरमैन श्री अर्जुन राम मेघवाल जी का भी सराहनीय योगदान है।

4. मेरा हमेशा से यही प्रयास रहता है कि संसद सदस्यों को अधिक से अधिक सुविधा एवं जानकारी मुहैया कराई जाए ताकि वे संसद में विभिन्न मुद्दों पर व्यापक एवं सारगर्भित वाद–विवाद एवं चर्चाएं कर सके। इसी उद्देश्य से (Speaker's Research Initiative) अध्यक्ष शोध कदम की संकल्पना की गयी है। SRI के माध्यम से विभिन्न विधाओं में विषय विशेषज्ञों से अंतरसंवाद, कार्यशालाओं एवं व्याख्यानमाला के माध्यम से संसद सदस्यों को पर्याप्त जानकारी उपलब्ध हुई है और संसद में चर्चा का स्तर उठा है। SRI के तत्वावधान में अब तक 26 से अधिक कार्यशालाएं एवं बैठकें हो चुकी हैं।

5. ''सबका साथ सबका विकास'' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2016 में राष्ट्रीय महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं वर्ष 2018 में राष्ट्रीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन कराया गया जिनके सकारात्मक परिणाम हासिल हुए हैं।

6. संसद सदस्यों के आवास की कमी के समाधान के उद्देश्य से बी.डी.मार्ग में नर्मदा और कावेरी अपार्टमेंट नाम से बहुमंजिली इमारतें बनाई गईं जिनमें 52 अत्याधुनिक सुविधाओं से सम्पन्न फ्लैट्स हैं। साथ–ही बी.डी. मार्ग पर 72 फ्लैट्स वाले एक नए बिल्डिंग कॉम्पलेक्स जो कि अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ–साथ पर्यावरण के अनुकूल भी है – का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त नॉर्थ एवेन्यू और साउथ एवेन्यू में 36 state-of-the-art डुप्ले फ्लैट्स का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है।

7. पिछले वर्ष संसदीय सौध एक्सटेंशन बिल्डिंग निर्माण के पश्चात् यह बिल्डिंग पूरी तरह व्यवहार (fully operational condition) में है। संसद भवन के स्वागत कार्यालय का पुनर्निर्माण एवं संसद भवन की सफाई तथा मरम्मत कार्य के साथ–साथ भवन के गलियारे में लगी पेंटिंग्स की मरम्मत का कार्य किया गया है।

8. संसद सदस्य एवं उनके अतिथियों के लिए लोक सभा सचिवालय द्वारा उनके transit accommodation/अस्थायी यात्री गृह के रूप में उपयोग में लाया जाने वाला यह गेस्ट हाउस भविष्य में बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। जब संसद सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर दिल्ली में संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने आते हैं तो उनके लिए अस्थायी आवास के रूप में अब तक होटलों में व्यवस्था करनी पड़ती थी जो costly और inconvenient होती थी।

9. यह न केवल संसद के वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों एवं उनके आगंतुकों के लिए उपयुक्त गेस्ट हाउस है बल्कि राज्य सभा एवं लोक सभा सचिवालय के आगंतुकों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। संसद सदस्य जन सेवक होते हैं और इसी उद्देश्य की परिधि में ही उनकी दिनचर्या घूमती है। देर सवेर उनको या उनके संसदीय क्षेत्र के लोगों को विभिन्न प्रशासनिक कार्यों से अक्सर दिल्ली आना होता है। इसके निर्माण के पीछे का तर्क भी सुस्पष्ट है, वह है सदस्यों को अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों की सुविधा एवं उनके हितों का अधिकाधिक ख्याल रखना। इसी को ध्यान में रखते हुए इस भवन का निर्माण कार्य कराया गया है। निर्माण करते वक्त यहां के पर्यावरणीय माहौल को संरक्षित रखा गया है।

10. यह भी दिलचस्प है कि पार्लियामेंट हाउस एक्सटेंशन की तरह वेस्टर्न कोर्ट एक्सटेंशन का लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से हुआ है जिनके स्वतः स्फूरित विचार, Innovative Ideas and Strategy से सभी भारतवासी प्रभावित हैं।

11. मुझे आशा है कि एक उत्तम एवं सुनियोजित transit accommodation की उपलब्धता से सचिवालय और संसद सदस्यों दोनों को सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं एक बार पुनः प्रधानमंत्री जी एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करती हूं कि आप पधारे एवं इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

धन्यवाद।

———————